आपकी खबरों का संसार...

# अतुल्य संसार

RNI No.-RJHIN/2015/63826

संस्करण: जयपुर

हिन्दी समाचार पत्र...

web: www.atulyasansar.com

Digital Edition

www.liveworldnews.in

वर्षः 11 | अंकः 16 | जयपुर, गुरुवार 30 जुलाई, 2026 | मूल्यः 2 रुपए | पृष्ठः 4



कोटा मंडल के रेलकर्मी... पेज 2



गुरु पूर्णिमा पर... पेज 3

# जयपुर-ग्रामीण लोकसभा चुनाव मामले में चुनाव-आयोग का प्रार्थना पत्र खारिज

## हाईकोर्ट ने कहा- जीत का अंतर कैंसिल वोटों से रहा कम; आयोग को पार्टी बनाना जरूरी

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट के साल 2024 के चुनाव परिणाम को चुनौती देने वाली याचिका में चुनाव आयोग, मुख्य चुनाव आयुक्त, जिला निर्वाचन अधिकारी और रिटर्निंग ऑफिसर पार्टी (पक्षकार) बने रहेंगे। जस्टिस विनोद कुमार भारवानी ने इसे चुनौती देने वाले चुनाव आयोग के प्रार्थना पत्र को मंगलवार को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा- इस मामले में याचिकाकर्ता (कांग्रेस प्रत्याशी अनिल चोपड़ा) और विजयी प्रत्याशी (बीजेपी प्रत्याशी राव राजेंद्र सिंह) के बीच जीत का अंतर 1615 वोट रहा। रिजल्ट के दिन 4 जून 2024 को याचिकाकर्ता की आपत्ति को निस्तारित करते हुए रिटर्निंग ऑफिसर ने बताया था कि निरस्त किए गए डाक मत पत्रों की संख्या 1225 है। कोर्ट ने कहा-वहीं सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत बताया गया कि निरस्त किए गए डाक मतपत्रों की संख्या 2738 थी। दोनों सूचनाएं एक ही दिन की हैं और चुनाव आयोग द्वारा ही दी गई हैं। वहीं, दोनों प्रत्याशियों के बीच विवाद का मुख्य कारण भी यही हैं। ऐसे में चुनाव आयोग इस मामले में आवश्यक पक्षकार है, इसलिए इनका प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। बता दें कि साल 2024 के लोकसभा चुनाव में जयपुर की ग्रामीण लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी राव राजेंद्र सिंह और कांग्रेस प्रत्याशी अनिल चोपड़ा आमने-सामने थे। चुनाव परिणाम में भाजपा के राव राजेंद्र सिंह जीत गए थे। इसके बाद रिजल्ट के दिन ही अनिल चोपड़ा धांधली का आरोप लगाते हुए रिटर्निंग ऑफिसर के कमरे में धरने पर बैठ गए थे।



### जीत का अंतर रहा था कैंसिल वोटों से कम

चुनाव आयोग की ओर से याचिका में कहा गया था कि पीपल्स रिप्रजेंटेशन एक्ट-1951 के तहत आयोग को पक्षकार नहीं बनाया जा सकता। विवाद दोनों प्रत्याशियों के बीच है। ऐसे में हमें पक्षकार से हटाया जाए। इसका विरोध करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी अनिल चोपड़ा के अधिवक्ता संजय शर्मा ने कहा- इस मामले में जीत का अंतर कैंसिल वोटों से कम है। जिस तरह का विवाद प्रत्याशियों की बीच है, उसका स्पष्टीकरण इन्हें ही देना है। ऐसे में इनका पक्षकार बने रहना जरूरी है। वहीं परिणाम वाले दिन बताई गई निरस्त डाक मतपत्रों की संख्या और आरटीआई के तहत दी गई जानकारी में बताई निरस्त डाक मतपत्रों की संख्या में अंतर है। इसी मुख्य आधार के तहत यह चुनाव याचिका दायर की गई है।

### अनिल चोपड़ा ने लगाया था धांधली का आरोप, धरने पर बैठे थे

लोकसभा चुनाव के परिणाम 4 जून 2024 को आए थे। उस दिन कांग्रेस प्रत्याशी अनिल चोपड़ा ने चुनाव परिणाम में धांधली करने का आरोप लगाया था। वे रिटर्निंग ऑफिसर के कमरे में धरने पर भी बैठ गए थे। उनकी रिकाउंटिंग की मांग को खारिज कर दिया गया था। केवल आंकड़ों को दोबारा से जोड़ा गया था। राव राजेंद्र की जीत घोषित होने के बाद चोपड़ा मतगणना केंद्र से बाहर आए थे। उन्होंने केंद्र के बाहर अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए संयम बरतने की बात कही थी। चोपड़ा ने कहा था- हमें जनता ने आशीर्वाद दिया, जिसके कारण हमें 6 लाख से ज्यादा वोट मिले। हमें यह परिणाम 1 प्रतिशत भी स्वीकार नहीं है। प्रशासन के लोगों ने जिस तरह से हमारे साथ कुठाराघात किया है। 4 घंटे तक इन लोगों ने आपस में कानाफूसी करके इस चुनाव परिणाम को प्रभावित करने का काम किया है।

## हाईकोर्ट में पेश नहीं हुआ आरसीए का चुनावी कार्यक्रम:सरकार ने कहा- जल्द चुनाव कार्यक्रम घोषित करेंगे, सहकारिता रजिस्ट्रार हुए पेश





**जयपुर।** राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) का चुनाव कार्यक्रम हाईकोर्ट में पेश नहीं हुआ। हालांकि सरकार की ओर से कहा गया कि प्रशासक द्वारा जल्द चुनाव अधिकारी की नियुक्ति करके चुनाव कार्यक्रम घोषित किया जाएगा। यह जानकारी जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस संदीप तनेजा की खंडपीठ में बुधवार को सरकार की ओर से दी गई। दरअसल, पिछली सुनवाई पर हाईकोर्ट ने प्रशासक को निर्देश दिए थे कि वे अगली सुनवाई तक चुनाव कार्यक्रम कोर्ट में पेश करें। सुनवाई के दौरान सहकारिता रजिस्ट्रार समित शर्मा कोर्ट में पेश हुए, उन्होने कोर्ट को बताया कि चुनाव नहीं कराने पर एडहॉक कमेटी के सदस्यों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसका विरोध करते हुए याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अश्विनी जैमन ने कहा- सहकारिता रजिस्ट्रार को एडहॉक कमेटी के सदस्यों पर कार्रवाई के लिए कहा गया था। उन्होंने संबंधित जिलों के डिप्टी रजिस्ट्रार पर कार्रवाई की जिम्मेदारी डाल दी। हालांकि रजिस्ट्रार का शपथ पत्र रिकोर्ड पर नहीं आने से कोर्ट ने सुनवाई 10 अगस्त तक टाल दी।

### हाईकोर्ट के तीन महीने में चुनाव के दिए निर्देश

दरअसल, राजस्थान हाईकोर्ट ने 1 जुलाई को पूर्व रणजी खिलाड़ी राजीव प्रताप सिंह की जनहित याचिका पर आदेश देते हुए राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी को तत्काल प्रभाव से निलंबित (सस्पेंड) कर दिया था। वहीं होम सेक्रेटरी भास्कर ए. सावंत को **RCA** का प्रशासक नियुक्त करते हुए उन्हें चुनाव कराने के निर्देश दिए थे। याचिका में आरोप लगाया गया था कि आरसीए की एडहॉक कमेटी का गठन 29 जून 2024 को केवल अंतरिम व्यवस्था के तौर पर किया गया था। उसे 3 महीने के भीतर चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन निर्धारित समय में चुनाव नहीं कराए गए। इसकी बजाय बार-बार कमेटी का कार्यकाल बढ़ाया जाता रहा। इससे आरसीए में निर्वाचित कार्यकारिणी का गठन नहीं हो सका।

# पूनिया बोले- गहलोतराज में 17 पेपर लीक हुए,रोज 17 बलात्कार

### तब राहुल गांधी ने धरना क्यों नहीं दिया, प्रियंका गांधी एक दिन भी राजस्थान नहीं आईं



**जयपुर।** राज्यसभा सांसद सतीश पूनिया ने कहा- जब राजस्थान में 17 पेपर लीक हुए और यहां बच्चों ने आत्महत्या की, उस समय राहुल गांधी अशोक गहलोत के खिलाफ धरने पर क्यों नहीं बैठे? उन्हें कुर्सी से क्यों नहीं हटाया? लड़की हूं, लड़ सकती हूं के स्लोगन से प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश से आगाज किया था। प्रदेश में गहलोत राज के समय रोज 17 बलात्कार होते थे, लेकिन प्रियंका गांधी एक दिन भी राजस्थान नहीं आईं। इन दोनों भाई-बहनों के चरित्र को पूरे देश की जनता देख रही है। पूनिया ने कहा- राहुल और प्रियंका को राजनीति विरासत में मिली है, लेकिन प्रह्लाद जोशी ने अपनी मेहनत और तपस्या से यह मुकाम हासिल किया है। एक सांसद और मंत्री के नाते उन्होंने खुद को साबित किया है। उन पर इस तरह की टिप्पणी करके दोनों ने अपने चरित्र को सदन में परिभाषित किया है। सतीश पूनिया ने ये बातें आज दिल्ली में संसद के बाहर मीडिया से बात करते हुए कहीं।

### विपक्ष के दिमाग में कचरा भरा है

सतीश पूनिया ने कहा- मेरे ख्याल से कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं को विपक्ष की अच्छी ट्रेनिंग की जरूरत है। विपक्ष को अपने दिमाग को साफ करने की जरूरत है, क्योंकि उनके दिमाग में पहले से कचरा भरा हुआ है। विपक्ष का काम होता है कि सरकार को चेताए, लोकतंत्र का फर्ज निभाए और अच्छे मुद्दों को सदन में रखे। पहले तो वे सदन से भागते रहे, लेकिन जब सदन में आए भी, तो मुद्दा आधारित कोई बात नहीं की। उल्टा बहस को डायवर्ट करने की कोशिश की। इस चरित्र को देश की जनता बखूबी समझती है। मुझे लगता है कि इससे कांग्रेस को कुछ भी हासिल नहीं होगा।

# राजस्थान के एफसीआई गोदामों में सबसे ज्यादा अनाज खराब


## पिछले 5 साल में देश में 36 करोड़ का अनाज बर्बाद हो चुका; मंत्री बोलीं- बारिश से ऐसा हुआ

**जयपुर।** राजस्थान में इस साल भारतीय खाद्य निगम के गोदामों में रखा गया 2089 टन अनाज बारिश में भीगने से खराब हो गया है। इसमें राजस्थान देश में टॉप पर है। लोकसभा में सांसद हनुमान बेनीवाल और चंद्रशेखर आजाद के सवाल के जवाब में केंद्रीय खाद्य वितरण राज्य मंत्री निमुबेन जयंतीभाई बांभणियां के लिखित जवाब से यह खुलासा हुआ है। खाद्य राज्य मंत्री ने जवाब में कहा- FCI के गोदामों में खराब या अपर्याप्त व्यवस्था के कारण गेहूं और चावल को कोई नुकसान नहीं हुआ है। चक्रवात, अचानक आई बाढ़ और भारी बारिश जैसी प्राकृतिक आपदाओं के कारण खाद्यान्न खराब होता है।

### इस साल राजस्थान में सबसे ज्यादा अनाज खराब

जवाब के मुताबिक- राजस्थान के **FCI** गोदामों में पिछले पांच सालों में इस बार सबसे ज्यादा मात्रा में अनाज खराब हुआ है। राजस्थान में पिछले साल केवल एक टन अनाज खराब हुआ था।

साल 2023-24 में 6 टन, 2022-23 में 136 टन और साल 2021-22 में 63 टन अनाज खराब हुआ था। पिछले साल यूपी और तमिलनाडू में सबसे ज्यादा अनाज खराब हुआ था। **FCI** के गोदामों में साल 2023-24 में हरियाणा में 2511 टन और पंजाब में 7746 टन अनाज खराब हुआ था। साल 2024-25 में उत्तर प्रदेश में 2254 टन और तमिलनाडू में 3001 टन अनाज खराब हुआ था।



### 5 साल में देश के FCI गोदामों में 36 करोड़ का अनाज बर्बाद

एफसीआई के गोदामों में साल 2021-22 और 2022-23 में दोनों साल मिलाकर 2.5- 2.5 करोड़ कीमत का खाद्यान्न खराब हुआ था। साल 2023-24 में 14.5 करोड़ कीमत का अनाज बर्बाद हुआ। साल 2024.25 में 13.9 करोड़ और 2025-26 में 3.20 करोड़ कीमत का अनाज खराब हुआ है।

### FCI पीपीपी मॉडल पर बना रहा गोदाम और साइलो

खाद्य राज्य मंत्री ने जवाब में बताया कि **FCI** की स्टोरेज क्षमता का मॉडर्नाइजेशन किया जा रहा है। इसके लिए सरकार पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर काम चल रहा है। 79 जगहों पर 39 लाख टन स्टोज क्षमता के साइलो बन चुके हैं। 59 जगहों पर 25.62 लाख टन क्षमता के साइलो बनाने का काम चल रहा है। अगले फैज में 54 जगहों पर 25 लाख टन क्षमता के साइलोज बनाने के टेंडर हो चुके हैं।

# बाघिन के शावकों को पालने वाला इकलौता बाघ डॉलर


### दूसरे टाइगर से बचाया, शिकार सिखाया; 15 साल की उम्र में मौत, खोपड़ी टूटी मिली थी

**सवाई माधोपुर।** राजस्थान के रणथंभौर टाइगर रिजर्व में 77 टाइगर हैं। इसमें मछली जैसी बाघिन के नाम इतिहास में दर्ज है। इन्हीं के बीच एक टाइगर भी खासा चर्चित रहा। जिसका नाम था- डॉलर। ये सम्भवतया पहला ऐसा बाघ था, जिसने किसी और बाघिन की मौत के बाद उसके शावकों को ढाई साल तक पाला था। उन्हें शिकार करना और जंगल में रहने के गुर सिखाए। जब ये बाघिन (एसटी-9 और एसटी-10) 3 साल की हुई तो इन्हें सरिस्का शिफ्ट कर दिया। डॉलर नाम की कहानी भी अपने आप में अलग है। डॉलर की मौत 15 साल की उम्र में 2020 में टेरिटरी फाइट में हुई थी। पोस्टमॉर्टम में डॉलर की सिर की हड्डियां टूटी हुई मिली थी। वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट और रणथंभौर नेचर गाइड एसोसिएशन के अध्यक्ष यादवेन्द्र सिंह ने बताया- रणथंभौर नेशनल पार्क के बाघ टी-25 का साल 2007 में पैदा हुआ था।

# 1 अगस्त से जयपुर में ई-रिक्शा क्यूआर कोड सिस्टम

## आरसी और इंश्योरेंस के बिना नहीं चला सकेंगे, जानिए नए नियम

**जयपुर।** जयपुर में ई-रिक्शा संचालन को व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए पुलिस कमिश्नरेट 1 अगस्त से ई-रिक्शा क्यूआर कोड डिजिटल मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने जा रहा है। जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के निर्देश पर लागू होने वाली इस व्यवस्था के तहत शहर में ई-रिक्शों का जोनवार संचालन होगा और प्रत्येक वाहन को क्यूआर कोड व कलर कोड जारी किया जाएगा। एसीपी (ट्रैफिक) प्रदीप मोहन शर्मा के पर्यवेक्षण और डीसीपी (ट्रैफिक) योगेश गोयल के निर्देशन में यातायात पुलिस यह व्यवस्था लागू करेगी। इसके तहत प्रत्येक जोन में निर्धारित संख्या के अनुसार ही ई-रिक्शा संचालित किए जाएंगे।



### 31 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीकरण करा सकेंगे

ई-रिक्शा मालिक और ड्राइवर 1 अगस्त से 31 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीकरण करा सकेंगे। इसके लिए आधिकारिक वेबसाइट, **'erickshawjaipur'** एंड्रॉयड ऐप, ई-मित्र केंद्र अथवा अजमेरी गेट स्थित यातायात पुलिस नियंत्रण कक्ष के माध्यम से आवेदन किया जा सकेगा।

### पासपोर्ट साइज फोटो और ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य होंगे

पंजीकरण के लिए वाहन की आरसी , वैध फिटनेस प्रमाण-पत्र, इंश्योरेंस (बीमा), ड्राइवर का पासपोर्ट साइज फोटो और ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य होंगे। दस्तावेजों का ऑनलाइन सत्यापन होने के बाद सफल आवेदकों के मोबाइल पर एसएमएस (स्स्र्) भेजा जाएगा। सफल पंजीकरण के बाद चालक को 15 दिनों के भीतर क्यूआर कोड स्टिकर प्राप्त करना होगा। निर्धारित समय में स्टिकर नहीं लेने पर जोन का आवंटन निरस्त कर दिया जाएगा।

### पुलिस ने मॉनिटरिंग सेल का गठन किया

15 सितंबर से बिना पंजीकरण संचालित होने वाले ई-रिक्शों तथा निर्धारित जोन का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम (एमवी एक्ट) के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए यातायात पुलिस ने एक विशेष मॉनिटरिंग सेल का गठन किया है। यातायात पुलिस ने सभी ई-रिक्शा चालकों और मालिकों से निर्धारित अवधि में पंजीकरण कराने की अपील की है। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 9833390286 और 9119171469 पर सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

# 9 साल पुराने वनकर्मी मर्डर केस में दो को उम्रकैद

### शव खुर्द-बुर्द करने का भी दोष साबित, सपत्ति की भी हड़पने के मामले में 3 साल की अलग से कैद

**फलोदी, बिलाड़ा।** जोधपुर के जिला एवं सत्र न्यायालय ने नौ साल पुराने हत्या के मामले में दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामला लोहावट थाना क्षेत्र में वन विभाग कर्मी की हत्या कर शव को खुर्द-बुर्द करने से जुड़ा हुआ था। न्यायालय ने दोनों दोषियों को हत्या, साक्ष्य मिटाने और मृतक की संपत्ति के दुरुपयोग सहित अलग-अलग धाराओं में सजा सुनाई। मामला 25 अगस्त 2017 को रामसागर पीलवा निवासी भगवानाराम जाट की रिपोर्ट पर लोहावट पुलिस थाने में दर्ज किया गया था। रिपोर्ट में बताया गया था कि उनके भाई भंवराराम सदरी वन विभाग में कार्यरत थे। 8 अगस्त 2017 को वह घायल हिरण को वन विभाग की चौकी लोहावट में छोड़ने आए थे। इसके बाद भंवराराम लोहावट बाजार पहुंचे, जहां उन्होंने शराब की दुकान से शराब खरीदी। शाम करीब 4 से 5 बजे के बीच उन्हें सुखदेव पुत्र रामुराम राव विश्नोई और जीतू हरिजन पुत्र ओमप्रकाश, दोनों निवासी लोहावट विशनवास, के साथ जाते हुए देखा गया था। भंवराराम के घर नहीं लौटने पर उनकी गुमशुदगी रिपोर्ट लोहावट थाने में दर्ज कराई गई थी। बाद में परिजनों को जानकारी मिली कि सुखदेव और जीतू हरिजन ने कथित रूप से भंवराराम की सोने की अंगूठी, नकदी और एटीएम कार्ड लूटने के उद्देश्य से उनकी हत्या कर दी और शव को ठिकाने लगा दिया।

# कोटा मंडल की रेलकर्मी निधि रानी करेंगी कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व

## रेलवे कार्यालय अधीक्षक ने डिस्कस थ्रो में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित की पहचान






**कोटा।** पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल से जुड़ी रेलकर्मी निधि रानी 23वें कॉमनवेल्थ गेम्स, ग्लास्गो में डिस्कस थ्रो (चक्का फेंक) स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। खेल कोटे के माध्यम से वर्ष 2020 में भारतीय रेल में नियुक्त निधि रानी वर्तमान में तुगलकाबाद में कार्यालय अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। उल्लेखनीय है कि रेलवे में नियुक्ति के पश्चात निधि रानी वर्ष 2020 से 2025 तक लगातार अखिल भारतीय रेल खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता रही हैं।

उनकी इस उपलब्धि से भारतीय रेल तथा पश्चिम मध्य रेलवे का गौरव बढ़ा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि रेलवे सेवा के साथ-साथ निधि रानी ने लगातार उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन किया है। उन्होंने 36वें राष्ट्रीय खेल, गुजरात में स्वर्ण पदक, तीसरी इंडियन ओपन थ्रोज़ प्रतियोगिता, पटियाला में प्रथम स्थान तथा 27वीं नेशनल फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता, भुवनेश्वर में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसके अतिरिक्त उन्होंने 60वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप, वारंगल; प्रथम इंडियन ओपन थ्रोज़ प्रतियोगिता, पटियाला; 61वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप, बेंगलुरु; 63वीं नेशनल इंटर स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप, पंचकुला; 63वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप, बेंगलुरु तथा 64वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप, रांची में द्वितीय स्थान (रजत पदक) प्राप्त किया। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी निधि रानी ने भारतीय रेल और देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने चौथी साउथ एशियन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2025, रांची में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वर्ष 2026 में 29वीं नेशनल सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता, रांची में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पुनः रजत पदक हासिल किया। इसी उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन 23वें कॉमनवेल्थ गेम्स, ग्लास्गो के लिए भारतीय टीम में हुआ है।

मंडल खेल अधिकारी श्री अविरल शर्मा ने कहा कि निधि रानी ने रेलवे सेवा और खेल दोनों क्षेत्रों में अनुशासन, समर्पण एवं निरंतर मेहनत का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनकी उपलब्धि युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

मंडल खेल अधिकारी श्री अविरल शर्मा, एनआईएस एथलेटिक्स कोच श्री अशोक पूनिया एवं पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल परिवार ने निधि रानी को 23वें कॉमनवेल्थ गेम्स में शानदार प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि वे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी देश और भारतीय रेल का गौरव बढ़ाएंगी।

## 'गुरु बिन भव निधि तरई न कोई, जो बिरंची शंकर सम होई', मुंडली बालाजी धाम पर मनाया गुरू पूर्णिमा महोत्सव।



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**बारां।** जिलेभर में बुधवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। विभिन्न मंदिरों, आश्रमों एवं धार्मिक स्थलों पर गुरु पूजन, भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजनों का आयोजन हुआ। इसी क्रम में बारां-कोटा राष्ट्रीय राजमार्ग-27 स्थित मुंडली बालाजी धाम में भव्य गुरु पूर्णिमा महोत्सव आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर अपने गुरु का पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर सर्वेश्वर दास त्यागी मुख्य रूप से शामिल हुए। उनके आगमन पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। पूरे परिसर में भक्ति गीतों, जयकारों और आध्यात्मिक वातावरण ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर सर्वेश्वर दास त्यागी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए गुरु की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि गुरु बिन भव निधि तरई न कोई, जो बिरंची शंकर सम होई। उन्होंने कहा कि गुरु ही जीवन का सच्चा मार्गदर्शक होता है, जो अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाता है। गुरु के सान्निध्य में ही व्यक्ति का आध्यात्मिक, नैतिक और सामाजिक विकास संभव है। महामंडलेश्वर ने श्रद्धालुओं से गुरु के बताए मार्ग पर चलने, मानव सेवा, सदाचार और आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गुरु का सम्मान केवल एक दिन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करना ही सच्ची गुरु भक्ति है। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से गुरु पूजन कर आशीर्वाद लिया तथा परिवार की सुख-समृद्धि और देश की खुशहाली की कामना की। आयोजन में प्रसादी का वितरण भी किया गया। जिलेभर से पहुंचे श्रद्धालुओं की मौजूदगी से मुंडली बालाजी धाम पूरे दिन श्रद्धा और भक्ति के रंग में रंगा रहा।

## गुरु पूर्णिमा पर 251 कन्याओं का हुआ दिव्य चरण वंदन, गूंजा श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**दीपचंद शर्मा ब्यावर।** श्री भन्दे बालाजी महाराज की असीम कृपा से अशोक पैलेश गार्डन, सेंधड़ा रोड, ब्यावर में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर एक ऐतिहासिक एवं अनूठा धार्मिक आयोजन भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पहली बार 9 वर्ष से कम आयु की 251 बालिकाओं को श्रीजी स्वरूप मानकर श्रद्धालुओं द्वारा उनका विधिवत चरण पूजन एवं चरण वंदन किया गया। सनातन संस्कृति में कन्याओं को देवी स्वरूप मानने की परंपरा के अनुरूप आयोजित इस दिव्य कार्यक्रम ने सभी श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। आयोजक जय नारायण कुमावत ने बताया कि श्री हनुमान चालीसा प्रबन्ध समिति के संस्थापक संत अमरनाथ महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में प्रातः 9:30 बजे से कन्या पूजन प्रारम्भ हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने 251 बालिकाओं का श्रद्धापूर्वक पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत संत अमरनाथ महाराज के सानिध्य में सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ सम्पन्न हुआ, जिसमें उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने भगवान श्री हनुमान जी महाराज एवं श्री भन्दे बालाजी महाराज से समाज, राष्ट्र एवं सनातन धर्म की उन्नति, सुख-समृद्धि और विश्व कल्याण की प्रार्थना की । कार्यक्रम में संत-महात्माओं, मातृशक्ति, युवाओं एवं धर्मप्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को भारतीय संस्कृति, नारी सम्मान एवं सनातन परम्पराओं को समर्पित एक प्रेरणादायक पहल बताते हुए इसकी सराहना की। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सेवा, संस्कार, श्रद्धा एवं धर्म के प्रति जागरूकता का संदेश देना रहा। इस अवसर पर श्री हनुमान चालीसा प्रबन्ध समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे तथा सभी ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थाओं में महेंद्र कुमावत, ताराचंद, प्रभु दयाल, मीनाक्षी, मंजु, आशा, हरीश सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सेवा भाव से अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ निभाईं, जिसके परिणामस्वरूप पूरा आयोजन श्रद्धा, अनुशासन एवं भव्यता के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# समाज में नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए सभी मिलकर कार्य करें, युवाओं को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी-राज्यपाल

## कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ की विकास कार्यों की समीक्षात्मक बैठक

## टीबी मुक्त बूंदी बनाने और विद्यार्थियों में नैतिक शिक्षा को बढ़ावा देने के दिए निर्देश

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**बूंदी।** राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ जनहित के कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने नशामुक्त भारत अभियान और राष्ट्रीय क्षय (टीबी) उन्मूलन कार्यक्रम को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। साथ ही, शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण के लिए नैतिक शिक्षा को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया। बैठक को संबोधित करते हुए राज्यपाल बागडे ने कहा कि केंद्र सरकार ने नशामुक्त भारत अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इसकी शुरुआत सबसे पहले सरकारी विभागों से ही होनी चाहिए। सरकारी अधिकारी व कर्मचारी मादक पदार्थों का सेवन न करें, ताकि वे आमजन के लिए एक आदर्श और प्रेरणास्त्रोत बन सकें। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि महाविद्यालयों और स्कूलों में शिक्षक इस बात का विशेष ध्यान रखें। विद्यालयों में नियमित रचनात्मक गतिविधियां आयोजित हों, जिससे विद्यार्थियों का बौद्धिक विकास हो सके।

### नारी शक्ति का मिले सहयोग, गांव-गांव हो प्रचार

राज्यपाल ने कहा कि युवा हमारे देश की असली ताकत हैं और इन्हें नशे के चंगुल से बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। शिक्षण संस्थानों में नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देकर समाज में फैल रही नशे की प्रवृत्ति पर लगाम लगाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि यह मुहिम केवल स्कूलों तक सीमित न रहे, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसका व्यापक प्रचार-प्रसार हो। आमजन की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित की जाए और इस नशामुक्त समाज के निर्माण में नारी शक्ति का भी पूरा सहयोग लिया जाए। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए राज्यपाल ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि टीबी मरीजों की पहचान जल्द से जल्द की जाए ताकि उनका तुरंत उपचार शुरू हो सके। टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को टीबी मुक्त बूंदी के लक्ष्य के साथ काम करने का आह्वान किया। डोर-टू-डोर सर्वे और स्क्रीनिंग पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि समय पर इलाज से कई जानें बचाई जा सकती हैं। मरीजों के संपूर्ण उपचार के लिए मुफ्त दवा के साथ-साथ निक्षय मित्र बनाकर उन्हें नियमित पोषण किट भी उपलब्ध करवाई जाए। बैठक में राज्यपाल ने नल जल कार्यक्रम की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव, पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (सीलिंग) रमेश देव सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# पंचायत राज एवं निकाय चुनाव को लेकर बूंदी जिला कांग्रेस की बैठक आयोजित

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**बूंदी।** आगामी पंचायत राज एवं नगर निकाय (नगर परिषद) चुनावों की तैयारियों को लेकर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय, बूंदी में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महावीर मीणा ने की। बैठक में जिला प्रभारी डॉ. विजेंद्र सिंह संधू एवं सह प्रभारी वीरेंद्र सिंह झाला विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी चुनावों की रणनीति तैयार करना, गांवों, कस्बों एवं शहरों में जनता से जुड़े स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता से उठाना तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच संगठनात्मक एकता को मजबूत करना रहा। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष महावीर मीणा ने कहा कि कांग्रेस स्थानीय समस्याओं और जनहित के मुद्दों को लेकर चुनाव मैदान में उतरेगी तथा प्रत्येक गांव और वार्ड की समस्याओं को प्राथमिकता दी जाएगी। जिला प्रभारी डॉ. विजेंद्र सिंह संधू ने कार्यकर्ताओं को चुनावी रणनीति, संगठन की मजबूती तथा स्थानीय मुद्दों के प्रभावी तरीके से उठान पर मार्गदर्शन दिया। वहीं सह प्रभारी वीरेंद्र सिंह झाला ने सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनाव लड़ने का आह्वान किया तथा बूंदी जिले में कांग्रेस की मजबूत स्थिति के आधार पर जिला प्रमुख, प्रधान एवं नगर निकाय अध्यक्ष पदों पर जीत दर्ज करने का लक्ष्य रखा। पीसीसी सदस्य सतीश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत और सक्रिय भागीदारी ही चुनावी सफलता की कुंजी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की अग्रिम पंक्ति में रखकर चुनाव लड़ने पर जोर दिया। नगर अध्यक्ष शैलेश सोनी, ब्लॉक अध्यक्ष रामकरण मीणा, प्रेमशंकर साहू तथा हिंडोली ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण बेरवा ने ईमानदार एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं को टिकट देने की पैरवी की। पूर्व विधायक ममता शर्मा ने कांग्रेस में एकता बनाए रखने, स्थानीय मुद्दों को मजबूती से उठाने तथा सभी प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

बैठक में जिलेभर से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भी अपने सुझाव एवं स्थानीय समस्याओं को प्रमुखता से नेताओं के समक्ष रखा। बैठक में डॉ. विजेंद्र सिंह संधू, वीरेंद्र सिंह झाला, महावीर मीणा, ममता शर्मा, सतीश शर्मा, शैलेश सोनी, इश्तियाक अली, बाबूलाल वर्मा, मधु वर्मा, देवराज गोचर, संतोष भागल, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष, पूर्व जिला प्रमुख बृजमोहन यादव, रामकरण मीणा, लक्ष्मण बेरवा, प्रेमशंकर साहू, इमरान देशवाली, अमन सुजैन, बाबूलाल गुर्जर, रामप्रसाद गुर्जर, मोटूलाल वर्मा, अभिषेक सुवालका, शिवम गुर्जर, टीकम जैन, गुड्डू कादरी सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एन.आर.चौधरी महाविद्यालय में प्रवेशोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

### नव आगंतुक छात्राओं का हुआ स्वागत

**विजयपाल सैनी शाहपुरा।** एन.आर.चौधरी महाविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ पर प्रवेशोत्सव और नव आगंतुक छात्राओं के स्वागत के साथ-साथ प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज प्रशासन द्वारा कॉलेज परिसर में कदम रखने वाली प्रथम वर्ष की नई छात्राओं का तिलक लगाकर और मुंह मीठा कराकर आत्मीय स्वागत किया गया।



विशिष्ट अतिथियों का संबोधन कार्यक्रम में राजस्थान शिक्षक कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष दीपेश सैनी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में विशिष्ट अतिथि दीपेश सैनी ने छात्राओं को शिक्षा के महत्व को समझाते हुए निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है और कॉलेज जीवन उनके भविष्य निर्माण की सबसे मजबूत नींव होता है। उन्होंने छात्राओं से सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्यों को निर्धारित करने की अपील की ।प्रतिभाओं का हुआ इस दौरान म्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय की उन छात्राओं और खेल-कूद व अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिन्होंने पिछले सत्रों में शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों में कॉलेज का नाम रोशन किया था। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां वरिष्ठ छात्राओं द्वारा नए बैच के स्वागत में कई रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसमें देश भक्ति, लोक नृत्य और गीतों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्रशासन और प्राचार्य ने मुख्य व विशिष्ट अतिथियों का आभार व्यक्त किया और सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त व्याख्याता, स्टाफ सदस्य और भारी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

# एम्स जोधपुर के पांचवें दीक्षांत समारोह में दीपेश मोदी को मिली एमबीबीएस की डिग्री

### परिवार में खुशी की लहर

**सुमेर सिंह राव/चिड़ावा।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जोधपुर के पांचवें दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन रविवार को हुआ। इस गरिमामय समारोह की मुख्य अतिथि भारत सरकार की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता एम्स जोधपुर के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) तेजस मधुसुदन पटेल ने की। वहीं कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) गोवर्धन दत्त पूरी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह के दौरान वर्ष 2020 बैच के मेधावी छात्र दीपेश मोदी को विधिवत एमबीबीएस की डिग्री प्रदान की गई। दीपेश की इस उपलब्धि पर उनके दादा-दादी पुरुषोत्तमलाल मोदी व रेशमी मोदी, माता-पिता विजय मोदी व ललिता मोदी तथा चाचा-चाची महेंद्र मोदी व बबिता मोदी सहित समस्त परिजनों एवं रिश्तेदारों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा पूर्वी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के पूर्व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष झंडीप्रसाद हिम्मतरामका, अग्रवाल जन कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष दामोदरप्रसाद हिम्मतरामका, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश मालानी, युवा वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री अनुज भगेरिया, वरिष्ठ व्यवसायी रमेश गाडिया, अग्रवाल जन कल्याण समिति के संस्थापक महामंत्री (पूर्व) प्रिंसिपल प्रदीप मोदी, श्रीकांत हलवाई, महेश सर्राफ, अग्रवाल जन कल्याण समिति के पूर्व महामंत्री कृष्ण कुमार बाछुका, राकेश बाछुका, अनिल रामभरोसा, युवा वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विष्णु चौधरी, शिक्षाविद् अनिल गुप्ता, लक्ष्मीकांत अड़ूकिया, राकेश वेद, पूर्व सहवृत्त सदस्य कपिल भगेरिया, कन्हैया लाठ, प्रकाश मोदी, राजेश वेद, मुरारी किठानिया, महेश मोदी, गणेश अग्रवाल, किशन गोयल, दिनेश झुंझुनूंवाला, रजनीकांत ककरानिया पिंटू, अमित सुशील गोयल, विजेंद्र गोयल दिलखुश, सौरभ-राहुल सुलतानिया, पूर्व सहवृत्त सदस्य एवं बाल कल्याण समिति की पूर्व सदस्य मनीषा केडिया, सीए महेश मोदी, प्रशांत पिचानवेवाला, आशीष अग्रवाल गाडाखेड़ा, पुनित मोदी, वैभव बगड़िया, नितिन केडिया आदि ने बधाई दी है। दीपेश, युवा अग्रवाल सम्मेलन के पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र मोदी के भतीजे है।



## डीग के गायत्री मंदिर पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया




● अतुल्य संसार नेटवर्क

**दीपचंद शर्मा डीग।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में डीग के गायत्री मंदिर पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन मुख्य ट्रस्टी गायत्री परिवार ताराचंद शर्मा, जिला समन्वयक बृजभूषण शर्मा, नीतू गुप्ता और कृष्ण गोपाल सारस्वत कामां के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ किया गया। ताराचंद शर्मा ने बताया की गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्री राम शर्मा आचार्य ने लगभग 3200 पुस्तक लिखी। उन्होंने गायत्री मंत्र को घर-घर पहुंचाया और उसकी महिमा का वर्णन किया। गायत्री यज्ञ के दौरान ज्योति खंडेलवाल, सुनील खंडेलवाल, रोहित जोशी, विद्या देवी और लल्लू राम जांगिड़ पतंजलि में गुरु दीक्षा ली। जिला संयोजक बृजभूषण शर्मा ने बताया की गायत्री मंत्र अनादि मंत्र है तथा गायत्री यज्ञ करने से विश्व का कल्याण होता है और पर्यावरण शुद्ध होता है। यज्ञ के दौरान गुरु पूजन भी किया गया। इस अवसर पर भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक बृजेंद्र शर्मा, तहसील संयोजक मुकेश सिंह राजपूत, बिना मुद्गल, प्रेम प्रकाश शर्मा, कैलाश खंडेलवाल, अशोक सेठी, सुनील खंडेलवाल, शिवकुमार खंडेलवाल, कुंदन शर्मा, जयप्रकाश शर्मा एडवोकेट, दयाचंद शर्मा, हरिशंकर शर्मा, गोपाल सैनी, केदार, सरला खंडेलवाल, सुकमा, विमलेश, सुषमा, आशा, उर्मिला वैष्णव, संजय राजपूत, महेंद्र, आवा शर्मा, शशि खंडेलवाल, श्याम सुंदर शर्मा आदि गायत्री परिजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुनील खंडेलवाल ने किया। कार्यक्रम उपरांत सभी को भोजन प्रसादी दी गई।

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर वेंकटेश बालाजी मंदिर में बही भजनों की रस गंगा

### लोहार्गल वेंकटेश बालाजी मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

### भंडारे का भी हुआ आयोजन श्रद्धालुओं की प्रसादी ग्रहण, गुरु मंत्र दीक्षा व गुरु चरण पूजन का भी हुआ आयोजन



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** निकटवर्ती धार्मिक तीर्थ स्थल लोहार्गल धाम में वेंकटेश बालाजी मंदिर परिसर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। वेंकटेश बालाजी मंदिर के महंत श्री श्री 1008 स्वामी अश्विनी आचार्य महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर प्रात: 8-15 बजे मंदिर परिसर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु चरण पूजन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर भगवान वेंकटेश का आलोकिक फूलों से श्रृंगार भी किया गया। प्रात: 9-15 बजे गुरु मंत्र दीक्षा का कार्यक्रम आयोजित जो देर शाम तक जारी रहा। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भक्तों ने वेंकटेश बालाजी मंदिर के महंत श्री श्री 1008 स्वामी अश्विनी आचार्य महाराज से आशीर्वाद भी लिया द्य इसी दौरान मंदिर में दिनभर भजनों की रस गंगा प्रवाहित होती रही जिसमें सीकर की सुप्रसिद्ध भजन गायिका स्वीटी शेखावत ने भजनों की रस गंगा प्रवाहित की। गुरु पूर्णिमा पर मंदिर परिसर में प्रसादी का कार्यक्रम भी हुआ जिसमें श्रद्धालुओ ने प्रसादी ग्रहण की।

## पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ द्वारा 21 दिवसीय पौधारोपण के दौरान किया वृक्षारोपण

### जीटी कॉलेज में हरियालो राजस्थान के तहत किया वृक्षारोपण

### आओ हम सब पेड़ लगाकर धरती को हरा भरा बनाएं......... राकेश जमालपुरिया



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** कस्बे में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर घूम चक्कर के पास स्थित जीटी कॉलेज परिसर में कांग्रेस पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ द्वारा द्वारा चलाई जा रही 21 दिवसीय मुहिम के दौरान वृक्षारोपण किया गया द्य इस अवसर कार्यक्रम के संयोजक राकेश जमालपुरिया प्रदेश उपाध्यक्ष व बीकानेर संभाग प्रभारी वृक्षारोपण व पेड वितरण के दौरान कहां की आओ हम सब पेड़ लगाकर धरती को हरा भरा बनाएं द्य इस दौरान जीटी कॉलेज के धर्मवीर सैनी, जगदीश प्रसाद ,राकेश तंवर, दिनेश सैनी ,सुरेश ,राजेंद्र, मुबारक खान,अनिल सैनी सहित टीम मौजूद रही।

# गुरु पूर्णिमा पर जिले के संत-महंतों का हुआ सम्मान: मुख्यमंत्री का गुरु वंदन संदेश किया गया भेंट

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**कोटा।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को जिला प्रशासन एवं देवस्थान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले में संतों एवं महंतों का सम्मान कर भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का गुरु वंदन संदेश भेंट कर संत-महंतों का अभिनंदन किया गया। गुरुजनों को शॉल, विशेष दुपट्टा, मिठाई, पंचमेवा, गुरु दक्षिणा स्वरूप 2100 रुपये की सम्मान राशि एवं मुख्यमंत्री का गुरु वंदन संदेश भेंट किया गया।

कोटा दक्षिण विधायक श्री संदीप शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है। गुरु केवल ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि जीवन को सही दिशा, संस्कार और जीवन मूल्यों से भी आलोकित करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी गौरवशाली गुरु परंपरा समाज को आध्यात्मिक चेतना, नैतिकता एवं मानवता का मार्ग दिखाती रही है। गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरुजनों के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है तथा उनकी शिक्षाओं को जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा देता है।

देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त श्री के.के. खंडेलवाल ने बताया कि जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने निर्धारित स्थलों पर



पहुंचकर संत-महंतों का सम्मान किया तथा मुख्यमंत्री का गुरु वंदन संदेश भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

गुरु वंदन कार्यक्रम के तहत श्री कार्ष्णि भरतजी महाराज (कार्ष्णि भवन, कोटा), श्री गोस्वामी विनय बाबा (श्री महाप्रभु जी मंदिर, पाटनपोल), सद्गुरु श्री प्रकाशसाहेब (कबीर पारख संस्थान, विनोबा भावे नगर), संत भक्त सेवक दास (हरे कृष्ण मंदिर, मुकुंदरा विहार), पंडित प्रदीप जोशी (रामपुरा), साध्वी हेमा सरस्वती जी (मौजी बाबा आश्रम), श्री राकेश गौतम (बालाजी महाराज, सूरजपोल), श्री शैलेन्द्र भार्गव (गोदावरी धाम), श्री श्री 1008 श्री नरसिंह जी महाराज (अटपटा महादेव आश्रम, रंगपुर रोड), माताजी नीतिअम्बा पीठाधीश्वर (कुलम शक्तिपीठ), श्री रामदास जी महाराज (लटूरी गोशाला, सांगोद), श्री बालकदास जी महाराज (महादेव जी की बगीची, चारचौमा), श्री सोमपुरी जी महाराज (बारला हनुमानजी, इटावा), श्री महंत चतुर्भुजनाथ गिरिजी महाराज (मठ महादेव, कोलाना) तथा आनंदगिरी जी महाराज (महाकाल मंदिर, श्मशान घाट, चेचट) का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, पूर्व महापौर राजीव अग्रवाल सहित हेमंत विजय, हेमंत यादव, विशाल शर्मा, पवन हाडा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

प्रशासनिक अधिकारियों में उप निदेशक स्थानीय निकाय विभाग दिव्यांशु शर्मा, अति. क्षेत्रीय विकास आयुक्त कुशल कुमार कोठारी, भूमि अवाप्ति अधिकारी, कोटा विकास प्राधिकरण शिक्षा पवन, उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण अनिल कुमार सिंघल, उपायुक्त नगर निगम जवाहरलाल जैन, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी सरिता, सहायक निदेशक लोक सेवाएं गजेन्द्र सिंह, जिला रसद अधिकारी कार्तिकेय मीणा, उपायुक्त नगर निगम भावना सिंह, निरीक्षक बृजेश कुमार एवं जिला कलक्टर द्वारा नामित अन्य अधिकारियों ने संतों-महंतों का सम्मान किया।

कार्यक्रम में बडी संख्या में श्रद्धालुओं एवं अनुयायियों ने अपने-अपने गुरुस्थलों पर पहुंचकर गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया।


# गुजरात में चांदीपुरा वायरस का प्रकोप, अबतक 10 की मौत, 150 संदिग्ध मामलों ने बढ़ाई चिंता

## गुजरात में चांदीपुरा वायरस के 150 संदिग्ध मामले सामने आए, अब तक 26 पॉजिटिव मामलों में से 10 मरीजों की मौत हुई, संक्रमित रेतीली मक्खी से फैलता है, बच्चों में तुरंत इलाज जरूरी

**गांधीनगर।** गुजरात में चांदीपुरा वायरस का प्रकोप तेजी से फैल रहा है, जिसके कारण राज्य का स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। स्टेट हेल्थ विभाग द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, अब तक राज्यभर में इस वायरस के कुल 150 संदिग्ध मामले सामने आ चुके हैं। इन सभी मामलों के सैंपल्स की जांच गुजरात बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर में गहराई से की जा रही है।

### मामलों और मृत्यु दर की स्थिति

स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त निदेशक नीलम पटेल ने राज्य में चांदीपुरा वायरस की वर्तमान स्थिति पर विस्तृत जानकारी दी है। सैंपल्स की जांच के दौरान अब तक कुल 26 पॉजिटिव मामलों की पुष्टि हो चुकी है। इनमें से 3 मरीज पूरी तरह स्वस्थ होकर अस्पताल से डिस्चार्ज हो चुके हैं। हालांकि, यह वायरस काफी जानलेवा साबित हो रहा है, क्योंकि अब तक कुल 10 मरीजों की मौत की खबर है। इन मृतकों में राजस्थान के 3 मरीज भी शामिल हैं जो यहां उपचार के लिए आए थे। अभी भी 9 सैंपल्स की रिपोर्ट आना बाकी है, जिस पर विभाग की नजर बनी हुई है।





### कैसे फैलता है यह वायरस?

चांदीपुरा वायरस मुख्य रूप से संक्रमित सैंड फ्लाई (रेतीली मक्खी) के काटने से फैलता है। कुछ शोधों में यह भी सामने आया है कि मच्छर और टिक्स (बगई) भी इस वायरस के वाहक हो सकते हैं। मानसून के मौसम में कीटों का प्रजनन बढ़ने के कारण इस संक्रमण का खतरा काफी बढ़ जाता है। राहत की बात यह है कि यह वायरस संक्रामक नहीं है, यानी यह खांसी, छींक या स्पर्श के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता।

### लक्षण और सावधानी

इस वायरस के लक्षण बहुत तेजी से उभरते हैं और अक्सर 24 घंटे के भीतर मरीज की स्थिति गंभीर हो सकती है। इसके मुख्य लक्षण इस प्रकार हैं :अचानक बहुत तेज बुखार आना, निरंतर सिरदर्द और उल्टियां होना, शरीर में अत्यधिक कमजोरी और मांसपेशियों में दर्द महसूस होना, दौरे

### बेहोश हो जाना या मानसिक भ्रम की स्थिति पैदा होना

बच्चों में असामान्य सुस्ती और सुस्ती दिखना स्वास्थ्य विभाग ने जनता से अपील की है कि यदि बच्चों में इनमें से कोई भी लक्षण दिखाई दे, तो बिना समय गंवाए तुरंत नजदीकी अस्पताल में संपर्क करें। सही समय पर शुरू किया गया उपचार ही इस वायरस के खिलाफ सबसे प्रभावी सुरक्षा है।

# सूरतः नक्षत्र सेफ हाउस के लॉकर तोड़कर 2.67 करोड़ का सोना चोरी, मालिक और दो बेटे गिरफ्तार

## नक्षत्र सेफ हाउस से 206 तोला सोना चोरी हुआ, मालिक महेश देवरा और दो बेटे गिरफ्तार किए गए, कुल 2.68 करोड़ रुपये के गहनों की चोरी

**अहमदाबाद।** सूरत में सिंगानपोर कॉजवे रोड पर स्थित नक्षत्र सेफ हाउस के मालिक एक पिता और उनके दो बेटों पर लोगों के लॉकर से गहने चुराने की शिकायत सिंगानपोर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है। शिकायत में कहा गया है कि कुल 2.68 करोड़ रुपये कीमत के 206 तोला सोने के गहने चोरी हुए हैं। सिंगानपोर के अलावा, लॉकर रखने वाले लोग वराछा में मौजूद नक्षत्र सेफ की शाखाओं में भी यह देखने के लिए पहुंचे कि उनके कीमती गहने और नकदी सुरक्षित हैं या नहीं।



### 6 लोगों के लॉकर से हुई थी चोरी

मिली जानकारी के अनुसार, जैसे ही सूरत में सिंगानपोर कॉज़वे रोड पर नक्षत्र सेफ हाउस के लॉकर में चोरी की खबर फैली, कई लॉकर धारक यह देखने के लिए वहां पहुंचे कि उनके कीमती गहने और नकदी सुरक्षित हैं या नहीं। इसी दौरान पता चला कि 6 लॉकर धारकों के लॉकर से चोरी हुई थी। इस पूरे मामले में सिंगानपोर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है। सिंगानपोर पुलिस स्टेशन में मालिक महेशभाई डाह्याभाई देवरा और उनके दो बेटों हर्ष महेशभाई देवरा और हरिकृष्ण महेशभाई देवरा के साथ-साथ लॉकर तोड़ने वाले मणिलाल के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। शिकायत में कहा गया है कि कुल 2.68 करोड़ रुपये कीमत के 206 तोला सोने के गहने चोरी हुए हैं। सिंगानपोर के अलावा, लॉकर रखने वाले लोग वराछा में नक्षत्र सेफ़ की शाखाओं में भी यह देखने के लिए पहुंचे कि उनके कीमती सामान और नकदी सुरक्षित हैं या नहीं। इस घटना में सिंगानपोर पुलिस ने पिता महेश देवरा और उनके दो बेटों हर्ष देवरा और हरिकृष्ण देवरा को गिरफ्तार कर लिया है।

### ग्राहकों में मची अफरा-तफरी

सिंगणपोर के साथ-साथ वराहछा स्थित नक्षत्र सेफ हाउस की अन्य शाखाओं में भी लॉकर धारक अपने कीमती सामान की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारी संख्या में उमड़ पड़े। लोगों में इस बात को लेकर डर है कि कहीं उनके जीवनभर की कमाई पर भी सेंध तो नहीं लगी। पुलिस फिलहाल पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर रही है ताकि चोरी किए गए गहनों को बरामद किया जा सके और यह पता लगाया जा सके कि इस साजिश में अन्य कोई शामिल है या नहीं।

## अहमदाबाद विमान हादसे की वजह फ्यूल-स्विच में खराबी नहीं:सरकार ने संसद में बताया; पहले दावा था कि इसी वजह से इंजन बंद हुए थे

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद विमान हादसे की वजह फ्यूल कंट्रोल स्विच में खराबी नहीं थी। यह जानकारी सरकार ने राज्यसभा में बुधवार को दी। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया कि विमान निर्माता कंपनी के एडवांस टेस्ट में भी इस सिस्टम में किसी तरह की खामी सामने नहीं आई है। हालांकि, पिछले साल जारी AAIB की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में दावा किया गया था कि उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद दोनों इंजनों के फ्यूल कंट्रोल स्विच बंद हो गए थे। इससे दोनों इंजन बंद हो गए थे। पिछले साल 12 जून 2025 को लंदन जाने वाली AI-171 फ्लाइट मेघानीनगर में बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल से टकराकर क्रैश हो गई थी। इस हादसे में 241 पैसेंजर और जमीन पर मौजूद 19 लोगों की मौत हो गई थी। सिर्फ एक यात्री जिंदा बचा था। सरकार ने यह भी साफ किया कि विमान हादसे की जांच रिपोर्ट जारी होने में देरी नहीं हुई है। दरअसल यह सवाल राज्यसभा सांसद जेबी मेथर हिशाम ने पूछा था। हिशाम ने पूछा- हादसे के एक साल से अधिक समय बाद भी अंतिम रिपोर्ट क्यों जारी नहीं हुई, क्या जांच में पायलटों की भूमिका भी देखी जा रही है और रिपोर्ट कब सार्वजनिक होगी। इस पर सरकार ने कहा कि इतने बड़े विमान हादसों की जांच किसी तय समय सीमा में पूरी नहीं की जा सकती। जांच कई तकनीकी पहलुओं और लगातार बदलती परिस्थितियों पर निर्भर करती है। जांच पूरी होने के बाद अंतिम रिपोर्ट सार्वजनिक होगी। पिछले साल जारी एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में कहा गया था कि उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद दोनों इंजनों के फ्यूल कंट्रोल स्विच बंद हो गए थे। इससे दोनों इंजनों में ईंधन की आपूर्ति बंद हो गई और इंजन बंद हो गए। कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डिंग में दोनों पायलटों के बीच हुई एक संक्षिप्त बातचीत भी दर्ज हुई थी। इसमें एक पायलट दूसरे से पूछता सुनाई देता है कि स्विच क्यों बदले गए, जबकि दूसरा पायलट ऐसा करने से इनकार करता है। इसके बाद यह सवाल उठा कि स्विच किसी पायलट ने बदले थे या इसके पीछे कोई तकनीकी खराबी थी।

# व्यवस्था में सुधार आवश्यक, आरक्षण हटाओ आंदोलन के समर्थन में आए पाटीदार नेता हार्दिक पटेल

गांधीनगर। गुजरात में वर्ष 2015 में पाटीदार आरक्षण आंदोलन की शुरुआत करने वाले नेता हार्दिक पटेल एवं उनके पुराने साथी पाटीदार नेता अब देश में चल रहे रिजर्वेशन हटाओ आंदोलन के आंशिक समर्थन में हैं। भाजपा विधायक हार्दिक पटेल ने कहा है कि आरक्षण व्यवस्था में सुधार की जरुरत है, सामाजिक व आर्थिक रूप से पिछडों व जरुरतमंद को ही आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। रिजर्वेशन हटाओ आंदोलन के एक्स अकाउंट पर 55 लाख से अधिक सदस्य हो गये हैं और ये हर मिनट हजारों की संख्या में बढ रहे हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत की एक टिप्पणी के बाद डिजीटल स्पेस में शुरु हुई कॉकरोच जनता पार्टी के जंतर मंतर पर आयोजित प्रदर्शन के जवाब में तैयार हुए ऑनलाइन अभियान रिजर्वेशन हटाओ आंदोलन इंटरनेट मीडिया पर जबर्दस्त ट्रेंड कर रहा है। बीते दो दिनों में इसके मुख्य पेज पर प्रति 25 मिनट एक लाख सदस्य बन रहे हैं। मुख्य पेज का आईपी एड्रेस राजस्थान का कोटा बताया जा रहा है, यह अभियान चलाने वाले समूह ने हर राज्य का अलग अकाउंट भी बनाया है। इनका पंचलाइन है, सारी जाति एक समान, मेरा बस ये देश महान। इंटरनेट मीडिया पर जहां इस आंदोलन की धूम मची है वहीं सामाजिक व राजनीतिक क्षैत्र के लोगों की नजर अब इस आंदोलन पर टिकी है। गुजरात में पाटीदार आरक्षण आंदोलन के अगुवा रहे तथा अब भाजपा से विधायक हार्दिक पटेल का कहना है कि देश की आरक्षण व्यवस्था में सुधार की जरुरत है, सामाजिक व आर्थिक रूप से पिछडे, गरीब अथवा जरुरतमंद को ही आरक्षण का लाभ दिया जाना चाहिए।

# थाईलैंड में 3 इंडियन टूरिस्ट का अपहरण, 5 भारतीय गिरफ्तार

## पाकिस्तानी के कहने पर किडनैपिंग की, सस्ते टूर पैकेज का लालच देकर पटाया बुलाया

**बैंकॉक।** थाईलैंड में तीन भारतीय पर्यटकों का अपहरण करके उनके परिवारों से फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस ने इस मामले में पांच भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्हें एक पाकिस्तानी नागरिक ने तीनों को किडनैप करने को कहा था। पुलिस ने तीनों लड़कों को रेस्क्यू कर लिया है। पीड़ितों की पहचान मोहित (23), आशीष (24) और हिमांशु (20) के रूप में हुई है। आरोपियों ने उन्हें सस्ते 7 दिन के टूर पैकेज का लालच देकर थाईलैंड के पटाया शहर बुलाया था। वहां पहुंचने के बाद उन्हें एक घर में बंधक बना लिया गया और उनके परिवारों से तीनों के बदले 40-40 लाख रुपए, यानी कुल 1.20 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी गई।

### दुबई से निर्देश दे रहा था पाकिस्तानी मास्टरमाइंड

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अवतार सिंह (38), जगजीत सिंह (38), रंभालक कुमार (24), सुखबीर सिंह (37) और कुलरा सिंह (27) के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे पिछले एक महीने से वैट एप्लीकेशन के जरिए दुबई में बैठे एक पाकिस्तानी नागरिक के संपर्क में थे। उसी ने अपहरण की पूरी साजिश रची थी। फिरौती की रकम क्रिप्टोकरेंसी के जरिए लेने की योजना बनाई गई थी। इसके बदले आरोपियों को नकदी, कीमती सामान और थाईलैंड से बाहर जाने के लिए एयरलाइन टिकट देने का वादा किया गया था। पीड़ितों ने पुलिस को बताया



कि उन्हें कई दिनों तक भूखा रखा गया। उनके हाथ-पैर बांध दिए गए और उल्टा लटकाकर बेरहमी से पीटा गया।

### खून जैसा दिखाने के लिए शरीर पर लाल स्प्रे पेंट लगाया

आरोपियों ने पीड़ितों के शरीर पर लाल स्प्रे पेंट लगाया, ताकि वीडियो कॉल के दौरान ऐसा लगे कि उन्हें गंभीर चोटें आई हैं और उनके शरीर से खून बह रहा है। इन वीडियो के जरिए परिवारों पर फिरौती देने का दबाव बनाया जा रहा था। पीड़ितों के परिजनों ने भारतीय दूतावास से संपर्क किया। इसके बाद 21 जुलाई को दूतावास ने चोनबुरी इमिग्रेशन पुलिस और पटाया पुलिस को अलर्ट किया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और खुफिया जानकारी के आधार पर पटाया के एक टाउनहाउस में छापा मारा। वहां तीनों पीड़ित अलग-अलग कमरों में बंधे हुए मिले। उनके मुंह पर टेप लगा था और शरीर पर चोट के निशान थे। पुलिस को मौके से टेप, लकड़ी का डंडा और लाल स्प्रे पेंट बरामद हुआ है।

### पहले भी एक टूरिस्ट को किडनैप किया गया था

रेस्क्यू किए गए पीड़ितों ने पुलिस को बताया कि उनके आने से पहले भी एक भारतीय को उसी घर में बंधक बनाया गया था। उसे तब छोड़ा गया जब उसके परिजनों ने करीब 30 लाख रुपये की फिरौती चुका दी थी। पुलिस अब मामले के मुख्य सूत्रधार और अन्य पाकिस्तानी संदिग्धों की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को इस काम के बदले नकदी, कीमती सामान और थाईलैंड से बाहर जाने के लिए एयरलाइन टिकट का वादा किया गया था।

### थाईलैंड भारतीय अपराधियों का अड्डा क्यों बन रहा है?

1. **आसान एंट्री और वीजा छूट:** थाईलैंड में भारतीय पर्यटकों के लिए वीजा-ऑन-अराइवल की सुविधा है। अपराधी आसानी से फर्जी पासपोर्ट या टूरिस्ट वीजा पर वहां पहुंच जाते हैं।
2. **बॉर्डर और साइबर स्कैम हब:** थाईलैंड की सीमा म्यांमार और कंबोडिया से लगती है। म्यांमार बॉर्डर पर चीनी और लोकल माफिया के बड़े-बड़े साइबर स्कैम सेंटर चल रहे हैं। यहाँ फर्जी नौकरी और कॉल सेंटर फ्रॉड का बड़ा नेटवर्क है।
3. **पहचान छिपाना बेहद आसान:** थाईलैंड में हर साल करोड़ों विदेशी टूरिस्ट आते हैं। इस भारी भीड़ में खुद को टूरिस्ट बताकर छिपना आसान हो जाता है।
4. **अंतरराष्ट्रीय क्रिमिनल नेटवर्क:** भारतीय अपराधी वहां जाकर चीनी, पाकिस्तानी या लोकल गैंगस्टर के साथ हाथ मिला लेते हैं और क्रिप्टोकरेंसी व दुबई जैसे लोकेशन से क्रिप्टो ट्रांजेक्शन के जरिए रंगदारी वसूलते हैं।
5. **सस्ते टूर के नाम पर जालसाजी:** हाल के दिनों में भारत के ही कुछ अपराधी गैंग सस्ते टूर पैकेज का झांसा देकर भारतीयों को थाईलैंड बुलाते हैं और फिर उन्हें बंधक बनाकर उनके परिजनों से रंगदारी वसूलते हैं।

### छद्म नाम और पहचान का न होना

बैंक अकाउंट खोलने के लिए आधार, पैन या पासपोर्ट की जरूरत होती है, जिससे पुलिस मिनटों में अपराधी तक पहुंच सकती है। लेकिन क्रिप्टो वॉलेट बनाने के लिए किसी ब्रूथ या नाम की जरूरत नहीं होती। यह केवल एक 32-अक्षर के रैंडम कोड जैसा दिखता है, जिससे वॉलेट के असली मालिक का नाम पता लगाना लगभग नामुमकिन होता है।

### किसी बैंक से कनेक्शन नहीं

बैंक ट्रांसफर में रिजर्व बैंक या कोई बैंक अथॉरिटी संदिग्ध लेनदेन को रोक सकती है या पुलिस के कहने पर खाते फ्रीज कर सकती है। क्रिप्टो में ऐसा कोई कंट्रोलर नहीं होता। अगर एक बार क्रिप्टो किसी वॉलेट में ट्रांसफर हो गया, तो दुनिया की कोई भी सरकार उस ट्रांजेक्शन को रोक या वापस नहीं करा सकती।

# भोपाल में पुलिस से झड़प, किसानों के कपड़े फटे

**लाठी-डंडे लेकर खड़े जवान; किसान बोले- सीएम हाउस का गेट तोड़कर घुसेंगे, मंत्रालय में मंत्री-किसानों की बैठक**



**भोपाल।** मूंग खरीदी, ई-टोकन सिस्टम रद्द करने समेत 3 मांगों को लेकर भोपाल में किसानों का प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी है। समाधान निकालने के लिए मंत्रालय में 3 मंत्रियों के साथ किसानों के 15 प्रतिनिधियों की बैठक हो रही है। इसके पहले रास्ते में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के घर का घेराव कर दिया। इस दौरान पुलिस से धक्का-मुक्की में कुछ किसानों के कपड़े फट गए। शिवराज के घर के बाहर नारेबाजी के बाद किसान सीएम हाउस की ओर बढ़ रहे हैं। रोशनपुरा चौराहे से सीएम हाउस की ओर जाने वाले रास्ते पर फोर्स तैनात है। जवान सेफ्टी जैकेट और लाठी-डंडों के साथ मुस्तैद हैं। सीएम हाउस यहां से करीब 1 किमी की दूरी पर है। रास्ते में बसें और डंपर खड़े कर बैरिकेडिंग की गई है। किसानों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं हुई तो सीएम हाउस का गेट तोड़कर अंदर घुसेंगे। प्रदर्शन में शामिल बीजेपी कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार ने वादा तोड़ा है। हम भीख नहीं, अपना अधिकार मांग रहे हैं।

### किसानों के समर्थन में उतरी कॉकरोच जनता पार्टी

वहीं, कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने भी किसानों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि भोपाल में किसानों का आक्रोश सड़कों पर दिख रहा है और CJP की टीम पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है। प्रदर्शन स्थल पर कुछ किसानों ने अर्धनग्न होकर विरोध जताया। कुछ किसानों ने सड़क पर ही दाल-बाटी बनाकर लंच किया। किसानों के समर्थन में Gen-Z भी शामिल हुए और सरकार की सद्बुद्धि के लिए हवन किया। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने कई रास्तों पर बैरिकेडिंग कर ट्रैफिक रोका, जिससे लोगों को परेशानी हुई।

# सीजेपी की कंगना को नसीहत- परिवार में भी ऐसी भाषा बोलेंगी

**ये मानसिक रूप से स्थिर व्यक्ति के शब्द नहीं; एक्ट्रेस Gen-Z को गटर जनरेशन बोली थीं**

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनोट ने Gen Z को जनरेशन गटर कहा था। इस पर कॉकरोच जनता पार्टी के प्रवक्ता सौरव दास ने कहा कि अगर आपके परिवार में Gen Z या जेन अल्फा का कोई युवा है, तो क्या आप उनके लिए ऐसी भाषा का इस्तेमाल करेंगी? कंगना ने मंगलवार को इंस्टाग्राम स्टोरीज पर नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर सीजेपी के नेतृत्व में हो रहे आंदोलन पर निशाना साधा था।

### सौरव दास बोले- उनकी भाषा अशोभनीय

कंगना की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए सौरव दास ने कहा कि उनकी भाषा अशोभनीय है। उन्होंने कंगना पर CJP लहर का फायदा उठाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। दास ने कहा, ये शब्द किसी मानसिक रूप से स्थिर व्यक्ति के नहीं लगते। उनके निर्वाचन क्षेत्र के वीडियो हैं, जहां वह लोगों से कह रही हैं कि आप लोग तो बहुत काम कराते हो। मुझे तो लगा था कि एमपी बनकर ज्यादा काम नहीं होगा, लेकिन यहां तो मुझे रोज काम करना पड़ रहा है। यह उनकी अपने काम के प्रति गंभीरता है। कंगना ने इंस्टाग्राम स्टोरीज के जरिए सौरव को जवाब दिया। उन्होंने लिखा, मैंने इस व्यक्ति को गूगल किया और वह 28 साल का है। वह खुद को छात्र बताता है, कैसे? मुझे नहीं पता।

# वैभव सूर्यवंशी दुनिया के टॉप-50 टी-20 बल्लेबाजों में शामिल

## 230 स्थान की छलांग लगाई, शुभमन गिल बने वनडे के नंबर-1 बल्लेबाज

**नई दिल्ली।** ICC की ताजा टी-20 रैंकिंग में भारत के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 230 स्थान की लंबी छलांग लगाई है। सूर्यवंशी 536 रेटिंग पॉइंट्स के साथ दुनिया के 48वें नंबर के बल्लेबाज बन गए हैं। वे पहली बार टॉप-50 में आए हैं। दूसरी ओर वनडे में भारत के कप्तान शुभमन गिल वर्ल्ड नंबर-1 बल्लेबाज बन गए हैं। वनडे में टॉप-4 में तीन भारतीय हैं। विराट कोहली दूसरे और रोहित शर्मा चौथे नंबर पर हैं। जसप्रीत बुमराह नंबर-1 टेस्ट बॉलर बने हुए हैं।

### सूर्यवंशी ने जिम्बाब्वे दौरे पर 2 फिफ्टी लगाई

सूर्यवंशी ने पिछले सप्ताह जिम्बाब्वे के खिलाफ हुई टी-20 सीरीज में तीन मैचों में 50.33 की औसत से 151 रन बनाए। इसी प्रदर्शन की वजह से उनकी रैंकिंग में इतनी लंबी छलांग आई है। सूर्यवंशी प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए थे।




### ईशान किशन टी-20 में टॉप पर बरकरार

टी-20 बल्लेबाजों की लिस्ट में भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन नंबर-1 स्थान पर काबिज हैं। दूसरे स्थान पर मौजूद साहिबजादा फरहान (848 पॉइंट्स) से काफी आगे हैं।

### ईशान ने कोहली और सूर्या को पीछे छोड़ा

रैंकिंग में ईशान किशन 910 रेटिंग पॉइंट्स के साथ नंबर-1 पर हैं। ईशान जिम्बाब्वे के खिलाफ हुए दूसरे मैच के बाद 916 रेटिंग अंक तक पहुंचे थे। तब उन्होंने करियर के ऑल टाइम हाइएस्ट टी-20 रेटिंग के मामले में विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव को पीछे छोड़ दिया था। विराट ने अपने टी-20 करियर में सबसे ज्यादा 909 और सूर्यकुमार यादव ने 912 अंक जुटाए थे। आईसीसी खिलाड़ियों की रेटिंग सप्ताह में एक ही बार बुधवार को जारी करती है। भारत-जिम्बाब्वे तीसरे टी-20 में ईशान 29 रन ही बना सके थे। इससे उन्हें 6 अंक का नुकसान हुआ और इसलिए ताजा रेटिंग में उनके 910 अंक हैं।

### टी-20 बॉलर्स रैंकिंग के टॉप-10 में इकलौते भारतीय वरुण

राशिद खान टी-20 इंटरनेशनल गेंदबाजों की रैंकिंग में भी 753 रेटिंग पॉइंट्स के साथ नंबर-1 पर हैं। पाकिस्तान के अबरार अहमद 736 पॉइंट्स के साथ दूसरे और इंग्लैंड के आदिल राशिद 710 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर हैं।

### शुभमन गिल फिर बने वनडे के नंबर-1 बल्लेबाज

वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के बीच सीरीज खत्म होने के बाद वनडे रैंकिंग के टॉप पोजिशन पर बदलाव हुआ है। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल के मैच न खेलने की वजह से भारत के शुभमन गिल एक बार फिर वनडे रैंकिंग में नंबर-1 बैटर बन गए हैं। मिचेल इसी साल जनवरी से टॉप स्पॉट पर थे।

### राशिद खान टॉप वनडे बॉलर बरकरार

वनडे बॉलिंग रैंकिंग में नामीबिया के स्पिनर बर्नार्ड शोल्ट्ज नेपाल और नीदरलैंड के खिलाफ ICC मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 ट्राई-सीरीज में शानदार प्रदर्शन के दम पर 5 स्थान ऊपर चढ़कर 7वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं अफगानिस्तान के राशिद खान टॉप पर बने हुए हैं।


### ग्रीव्स को 21 स्थान का फायदा

वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स ने पाकिस्तान के खिलाफ त्रिनिदाद टेस्ट में इतिहास रचने वाली गेंदबाजी के बाद ICC टेस्ट रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। लगातार पांच विकेट-मेडन ओवर फेंकने वाले ग्रीव्स 21 स्थान ऊपर चढ़कर टेस्ट गेंदबाजों में 48वें नंबर पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के बैटर बाबर आजम 32वां टेस्ट अर्धशतक लगाने के बाद बल्लेबाजों की रैंकिंग में चार स्थान ऊपर चढ़कर 15वें नंबर पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड टॉप पर बने हुए हैं।

# कोयला घोटाला में पूर्व पीएम मनमोहन सिंह पर केस बंद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के खिलाफ कोयला ब्लॉक आवंटन मामले में चल रहा क्रिमिनल केस बंद कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने 12 साल बाद सीबीआई की 2014 की 2 क्लोजर रिपोर्ट को मंजूरी दे दी। कोर्ट ने कहा कि पूर्व पीएम के खिलाफ करप्शन के कोई ठोस सबूत नहीं हैं। यह मामला यूपीए सरकार के कार्यकाल के दौरान तलाबीरा-2 कोयला ब्लॉक के आवंटन से जुड़ा है। साल 2015 में विशेष सीबीआई कोर्ट ने एजेंसी की क्लोजर रिपोर्ट को नामंजूर कर दिया था। कोर्ट ने मनमोहन सिंह और अन्य आरोपियों को ट्रायल का सामना करने के लिए तलब किया था। इस आदेश को पूर्व प्रधानमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। तब से मामला कोर्ट में था। डॉ. सिंह का 26 सितंबर 2024 को 92 साल की उम्र में निधन हो गया था।

### ट्रायल कोर्ट के फैसले को किया खारिज



पूर्व प्रधानमंत्री की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और एएम सिंघवी ने दलील दी कि सीबीआई ने 27 अगस्त 2014 और 21 अक्टूबर 2014 को ट्रायल कोर्ट में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की थी। हालांकि, स्पेशल जज ने रिपोर्ट को ठुकरा दिया था। 11 मार्च 2015 को पूर्व प्रधानमंत्री को समन जारी कर दिया था। सिब्बल ने यह भी कहा कि ट्रायल कोर्ट ने सरकारी मंजूरी का इंतजार किए बिना ही मामला दर्ज कर लिया था।


### क्या था पूरा मामला

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि स्पेशल जज के पास सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को ठुकराने का कोई ठोस कारण नहीं था। कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को रद्द करते हुए मामले को मेरिट के आधार पर बंद कर दिया। यह मामला 2005 में ओडिशा के तालाबीरा-ड्डडू कोल ब्लॉक आवंटन में भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़ा था।

# ईरान जंग में अब सऊदी अरब की एंट्री: अमेरिका के साथ मिलकर इराक में ईरान समर्थक लड़ाकों पर हमले किए, 20 की मौत

**तेहरान/वॉशिंगटन डीसी/तेल अवीव।** ईरान जंग में अब सऊदी अरब की भी एंट्री हो गई है। सऊदी ने अमेरिका के साथ मिलकर मंगलवार रात इराक में ईरान समर्थित पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्स के लड़ाकों के ठिकानों पर हमले किए। न्यूज एजेंसी AFP के मुताबिक इसमें 20 लड़ाकों की मौत हो गई है जबकि 32 घायल हुए हैं। अमेरिकी सेना के मुताबिक, इन ठिकानों से अमेरिकी सैनिकों और सऊदी अरब के ऊर्जा ठिकानों पर हमलों की तैयारी की जा रही थी। हमलों के कुछ घंटे बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई में कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। ये मिसाइलें जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य अड्डे की ओर दागी गई थीं, लेकिन सभी को रास्ते में ही इंटरसेप्ट कर लिया गया।

1. **ट्रम्प-नेतन्याहू की मुलाकात, ईरान पर बनी सहमति:** व्हाइट हाउस में हुई बैठक के बाद नेतन्याहू ने इसे अपनी सबसे अच्छी बैठकों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि दोनों नेता इस बात पर सहमत हैं कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दिए जाएंगे।



2. **जेलेंस्की ने ट्रम्प से एयर डिफेंस और युद्ध पर की चर्चा:** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने ट्रम्प से मुलाकात में पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम, रक्षा सहयोग और रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर कूटनीतिक प्रयास तेज करने पर चर्चा की। 3. **होर्मुज स्ट्रेट पर ओमान का नया फॉर्मूला:** ईरान-अमेरिका तनाव के बीच ओमान ने प्रस्ताव दिया है कि होर्मुज स्ट्रेट का नियंत्रण सिर्फ ईरान के पास न होकर क्षेत्र के सभी देशों की साझेदारी में हो। इस प्रस्ताव को खाड़ी के कई देशों का समर्थन भी मिला है। 4. **अमेरिका-ईरान बातचीत की खबरों से कच्चा तेल सस्ता:** दोनों देशों के बीच बातचीत की संभावना बढ़ने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई। ब्रेंट और WTI क्रूड दोनों पिछले कई दिनों के निचले स्तर पर कारोबार करते दिखे। 5. **मिडिल ईस्ट में बढ़े ड्रोन हमले, कई देशों में अलर्ट:** पिछले दो दिनों में इराक, जॉर्डन और सऊदी अरब में ड्रोन हमलों की कई घटनाएं सामने आई हैं। कुछ हमलों की जिम्मेदारी हूतियों ने ली है, जबकि कई मामलों में हमलावरों की पहचान अब तक नहीं हो सकी है।

### इराकी प्रधानमंत्री ने हमलों के बाद सऊदी अरब का दौरा टाला

अमेरिका और सऊदी अरब की ओर से इराकी मिलिशिया पर किए गए हवाई हमलों के बाद इराक के प्रधानमंत्री अली अल-जायदी ने अपना सऊदी दौरा टाल दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक अली अल-जायदी गुरुवार को आधिकारिक यात्रा पर सऊदी अरब जाने वाले थे। लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए इराक की तरफ से दौरा स्थगित करने का अपील की गई। अमेरिका और सऊदी अरब ने मंगलवार रात इराक के कई इलाकों में हवाई हमले किए। पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्स के मुताबिक, इन हमलों में उसके हथियार भंडार और लॉजिस्टिक ठिकानों को निशाना बनाया गया। इसमें कम से कम 20 लोगों की मौत और 32 अन्य घायल हुए हैं। इन हमलों के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। पूर्व इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने भी इन हमलों की कड़ी निंदा की। उन्होंने इसे इराक की संप्रभुता का खुला उल्लंघन, इस्लामी भाईचारे के सिद्धांतों की अनदेखी और अंतरराष्ट्रीय कानून का स्पष्ट उल्लंघन बताया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रदीप कुमार सोलंकी द्वारा महानगर मल्टीमीडिया प्रा. लि. जी-848, फेज 3, रीको सीतापुरा, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 227-हीरालाल की गली, झालाना, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) से प्रकाशित।
सम्पादकः प्रदीप कुमार सोलंकी, मो. 93510-01100, Email: atulyasansar@gmail.com संपादकीय कार्यालयः जगतपुरा फ्लाईओवर के पास, जगतपुरा जयपुर।